हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 11 जनवरी 2024

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे कैबिनेट मंत्री पटेल...



07 11 महीने में 16 हजार 555 लोगों ने तोड़ा ट्रैफिक ...



## खबर संक्षेप

### कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 15 जनवरी को

सागर। कलेक्टर दीपक आर्य के मार्गदर्शन व निर्देशन में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के अन्तर्गत जिले के अधिकाधिक शिक्षित बेरोजगार आवेदकों को वैतनिक रोजगार में स्थापित कराने के लिए जिला रोजगार कार्यालय सागर में 15 जनवरी प्रातः 11 बजे से कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव में देश व प्रदेश की कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। आवेदकों कों साक्षात्कार के लिये रोजगार कार्यालय का पंजीयन, दो पासपोर्ट साइज के फोटो, शैक्षणिक योग्यता संबंधी (अंकसूची) प्रमाण पत्र अपने साथ आवश्यक रूप से लाने के लिए कहा गया है। कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदकों का साक्षात्कार के माध्यम से विभिन्न पदों के लिये चयन किया जावेगा।

### महिला सशक्तिकरण, सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

सागर। मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर 10 जनवरी से 15 जनवरी तक पूरे प्रदेश में मनाए जा रहे महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत स्वसहायता समूह की महिलाओं के अनुभव मंच से साझा किये जाएंगे, इस अवसर पर वित्तीय साक्षरता हेतु नगर निगम द्वारा विभिन्न गतिविधियों का 11 जनवरी को प्रातः 11:30 बजे पंडित मोतीलाल नेहरू स्कूल कटरा बाजार सागर में आयोजन किया जा रहा है। इन गतिविधियों में स्वसहायता समूह की महिलाओं के द्वारा संवाद कार्यक्रम, उनके अनुभव साझा, सांस्कृतिक कार्यक्रम,परंपरागत खेल, स्वसहायता समूहों द्वारा निर्मित सामग्री का विक्रय /प्रदर्शन, वित्तीय साक्षरता हेतु शिविर एवं पी एम स्वनिधि, स्वरोजगार योजना के शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार पर्यावरण को बढ़ावा और संरक्षण तथा स्वच्छता के प्रति नागरिकों में जागरूकता लाने हेतु 12 जनवरी को एम आर एफ सेंटर स्वसहायता समूहों की सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम एवं स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली जाएगी।

### संतान पालन अवकाश के लिए प्रावधान

सागर। मध्यप्रदेश सिविल सेवा अवकाश नियम 1977 में संशोधन करते हुये संतान पालन अवकाश जोड़ा गया है। अवकाश नियम 38 के तहत महिला शासकीय सेवकों को संतान देखभाल अवकाश की स्वीकृति सामान्य रूप से परिवीक्षा कालावधि के दौरान स्वीकृत नहीं किया जायेगा तथापि, विशेष परिस्थितियों में, यदि परिवीक्षा कालावधि के दौरान अवकाश स्वीकृत किया जाता है तो परिवीक्षा की अवधि स्वीकृत अवकाश की उस कालावधि के बराबर अवधि तक के लिए बढ़ा दी जाएगी।

## अपनी जन्मभूमि का कर्ज उतारने के लिए कार्य करना होगा

# सभी खेल हमको खेलना चाहिए, खेल से सर्वांगीण विकास होता है : पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

अपनी जन्मभूमि का कर्ज उतारने के लिए सभी को कार्य करना चाहिए। हम सभी को खेल गतिविधियों में शामिल होना चाहिए। खेल से सर्वांगीण विकास होता है। यह विचार पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने आज सागर जिले के बीना में स्वर्गीय पंडित राकेश सिरोठिया की स्मृति में आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के अवसर पर व्यक्त किये। इस अवसर पर गौरव सिरोठिया, पूर्व मंत्री नारायण प्रसाद कबीरपंथी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पी.सी. शर्मा, एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह, जनपद अध्यक्ष उषा राय, विजय हुरकट, करोडी लाल यादव, लोकेंद्र सिंह ठाकुर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शुभम तिवारी, नगर मंडल अध्यक्ष चित्तर सिंह, मंडल अध्यक्ष सहाब राज यादव, मंडी बामोरा मंडल अध्यक्ष मनोज शर्मा सहित अन्य जन प्रतिनिधि, अधिकारी एवं खिलाड़ी मौजूद थे।



स्व. पंडित राकेश सिरोठिया की स्मृति में आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन के अवसर पर प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि अपनी जन्म भूमि का कर्ज उतारने के लिए हम सभी को आगे आकर कार्य करना होगा, तभी उसका कर्ज उतारा जा सकता है। गौरव सिरोठिया द्वारा बीना में जो कार्य किया जा रहे हैं,वास्तव में यह उनका जन्मस्थली के कर्ज उतारने का कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी को खेल अवश्य खेलना चाहिए। खेल के माध्यम से हमारा सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने कहा कि मैं आज भी सप्ताह में एक दिन अपनी जन्मभूमि गोटेगांव सहित जहां भी रहूं, एक दिन खेल मैदान पर जाकर खेल खेलता हूं। उन्होंने कहा कि मुझे मौका मिला है अपनी जन्मभूमि का कर्ज उतारने का। अब मैं नरसिंहपुर, गोटेगांव सहित संपूर्ण मध्यप्रदेश का कर्ज़ उतारने का कार्य करूंगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा जो नई शिक्षा नीति लागू की गई है, उसमें खेल को भी शामिल किया गया है। जिससे कि हमारे छात्र खेल के माध्यम से शैक्षणिक अध्ययन के साथ अपना समग्र विकास कर सके। उन्होंने कहा कि व्यक्ति में रुचि और योग्यता हो तो वह किसी के अधीन नहीं रह सकता। उसका भविष्य हमेशा उज्जवल रहता है। मंत्री पटेल ने कहा कि खेल के माध्यम से सरकारी नौकरी में प्राथमिकता मिलती है। मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने स्व. पंडित राकेश सिरोठिया की स्मृति में आयोजित फाइनल मैच में खुरई एवं बीना टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हे शुभकामनाएं दी। मंत्री पटेल ने स्वर्गीय राकेश सिरोठिया के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि दी। मंत्री पटेल ने आयोजन समिति के सदस्यों एवं गणमन नागरिकों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित भी किया। मंत्री पटेल ने गौरव सिरोठिया के जन्मदिन पर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया एवं शुभकामनाएं दी।

### एक शाम प्रतिभाओं के नाम 2024 का भव्य आयोजन 14 जनवरी को

सागर । मनवानी फिल्म्स एवं सिन्धु संस्कार का 16 वें वर्ष में भी वार्षिक समारोह नव वर्ष सेलिब्रेट 2024, आयोजित किया जा रहा है। इसमें कला, संगीत, नृत्य की विभिन्न विधाओ से जुड़े युवा युवतियों को उचित मंच प्रदान करने के उद्देश्य से सोलो, ग्रुप डांस, सिंगिंग, फैशन शो प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है । कार्यक्रम के संयोजक सुरेश मोहनानी, डॉ. सुरेशचंद रावत, एड. वीनू राणा, मनोज जैन, अजय मोह नानी,भीष्म राजपूत ने बताया की कार्यक्रम में भाग लेने का अंतिम मौका 13 जनवरी तक है । सोलो डांस, सिंगिंग प्रतियोगिता 5 वर्ष से लेकर 65 वर्ष तक के प्रतिभागी भाग ले सकते है एवं फैशन शो 5 वर्ष से लेकर 10 वर्ष तक के बच्चे, 16 से 25 वर्ष तक केवल युवतियां, गृहणियों के लिए 26 से 65 वर्ष तक केवल महिलाएं भाग ले सकती है।

## नगर विक्रय समिति की बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार के संबंध में चर्चा की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम आयुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार उपायुक्त एस एस बघेल की अध्यक्षता में निगम सभाकक्ष में डे एन यू एल एम योजना अंतर्गत पथ विक्रेताओं के विकास के लिए गठित नगर विक्रय समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य रूप से यातायात पुलिस उपअधीक्षक अखिलेश तिवारी, नगर तथा ग्राम निवेश की असिस्टेंट डायरेक्टर अपूर्वा गंगराड़े, अग्रणी बैंक प्रबंधक सी पी सिंह सहित, एन यू एल एम के सिटी मैनेजर विक्रम जैन, एनजीओ के सदस्य और स्ट्रीट वेंडर तथा महिला स्वसहायता समूह की सदस्य उपस्थित थी। बैठक में नगर के मुख्य बाजार गौरमूर्ति से राधा तिराहा तक की यातायात व्यवस्था में सुधार




हेतु समिति सदस्यों द्वारा कई सुझाव दिए गए । बैठक में उपायुक्त बघेल ने कहा कि एनजीओ और स्ट्रीट वेंडर शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए सकारात्मक प्रयास करते हुए छोटे-छोटे व्यापारियों को जागरूक करने का काम करें ताकि यातायात व्यवस्था में सुधार हेतु मदद मिले। बैठक में उप अधीक्षक अखिलेश तिवारी ने सुझाव दिया कि नगर निगम में पंजीकृत स्ट्रीट वैडरों को पहचान पत्र जारी किए गए हैं उसे वह आवश्यक रूप से अपने साथ रखें ताकि उनकी पहचान हो सके। उन्होंने कहा कि जो छोटे-छोटे व्यापारी शहर में अपना व्यवसाय करते हैं, नियत किये गए स्थान पर ही अपना व्यवसाय करें तो यातायात व्यवस्था सुधार में काफी मदद मिलेगी ।

## जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने स्मार्ट मीटर लगाने पर आपत्ति लेते हुए सागर कलेक्टर से मुलाकात की

सागर। जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष राजकुमार पचौरी के नेतृत्व में जिला कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने सागर कलेक्टर से मुलाक़ात कर सागर मै लोगो के घरों मै जबरन लगाए जा रहे बिजली के स्मार्ट मीटर के सन्दर्भ मै मुलाक़ात कर चर्चा की एवं ज्ञापन सौपा।ज्ञापन मै कहा गया कि कुछ अनाधिकृत लोगो द्वारा जिनके पास विभाग का अधिकृत पत्र भी नहीं है के द्वारा घरों की महिलाओ को अभद्र तरीके से धमकी देकर मीटर बदले जा रहे है। कमजोर गरीब तबके के लोगो को जबरन दबाया जा रहा है। पूर्व मै जिन वार्डो मै स्मार्ट बिजली मीटर लगाए गए है, वहां बिजली बिल चार गुना आने लगा है। इसलिए वर्तमान मीटर ही सही है, उनकी विश्वासनीयता ठीक है अतः पुराने मीटर ही लगे रहने दें। चर्चा के दौरान जिलाधीश महोदय ने बिजली कम्पनी से बात करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल मै जिलाध्यक्ष शहर राजकुमार पचौरी, ग्रामीण अध्यक्ष डा आनंद अहिरवार, अमित रामजी दुबे, मुकुल पुरोहित, चक्रेश सिंघई, नेता प्रतिपक्ष बब्बू यादव, रमाकांत दुबे, राकेश राय, प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी, अवधेश तोमर, जीतेन्द्र रोहण, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, महेश जाटव, दीनदयाल तिवारी,अवधेश तोमर, शैलेन्द्र तोमर, युवक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल चौबे, जीतेन्द्र चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष गण प्रेम नारायण विश्वकर्मा समीर खान योगराज करी महेश अहिरवार हामिद अंसारी यदि शामिल थे।

## नगर-निगम में नियम विरुद्ध तरीके से प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त उपायुक्त एसएस बघेल की प्रतिनियुक्ति निरस्त करने मुख्यमंत्री से की शिकायत

सागर। नगर निगम सागर में अवैधानिक रूप से नियमों के विरुद्ध उद्यमिता विकास केंद्र के जिला समन्वयक एसएस बघेल को उपायुक्त नियुक्त किए जाने की मुख्यमंत्री, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री से शिकायत कर तत्काल प्रतिनियुक्ति निरस्त कर मूल पद पर भेजने की की मांग की गई है। शिकायतकर्ता आकाश जैन ने मुख्यमंत्री को भेजे गए आवेदन में लेख किया है कि नगर निगम में प्रति नियुक्ति के संबंध में मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा 58(3) मैं राज्य सरकार के कर्मचारियों को भेजने का प्रावधान किया गया है लेकिन सुनील सिंह बघेल उद्यमिता विकास केंद्र के कर्मचारी है उक्त विभाग सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के अंतर्गत आता है। जो राज्य सरकार के कर्मचारी की श्रेणी में नहीं आते हैं। बघेल ने नियमों के विरुद्ध सांठगांठ कर संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश अनुसार नगर निगम सागर में प्रतिनियुक्ति पर उपायुक्त के पद पर 20 मई 23 को पदस्थ किए गए हैं। प्रति नियुक्ति के संबंध में सुनील सिंह बघेल द्वारा मान्य उच्च न्यायालय में याचिका क्रमांक 1954/ 2016 राज्य सरकार के विरुद्ध लगाई गई थी जिसमें माननीय उच्च न्यायालय द्वारा अपने आदेश दिनांक 9 जनवरी 2017 को राज्य सरकार के पक्ष में फैसला दिया है, आवेदन के साथ माननीय उच्च न्यायालय के आदेश की प्रति भी उपलब्ध कराई गई है। बघेल नगरीय प्रशासन विभाग के कर्मचारी न होने के कारण कार्य में अनुभव न होने से नगर निगम के कार्य समय पर संपादित नहीं हो पा रहे हैं जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। अतः बघेल की निगम विरुद्ध प्रतिनियुक्ति की जांच कराकर उन्हें उनके मूल विभाग में वापस भेजा जाए। शिकायत की प्रति विधायक सागर, प्रमुख सचिव एवं आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग भोपाल, सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग भोपाल, कमिश्नर सागर संभाग, आयुक्त नगर निगम सागर एवं अध्यक्ष मध्य प्रदेश नगर पालिका नगर निगम कर्मचारी संघ भोपाल को भेजकर सुनील सिंह बघेल की नियम विरुद्ध की गई प्रतिनियुक्ति निरस्त करने की मांग की है।

### अवैध रुप से उत्खनन करती पकड़ी गई एलएनटी मशीन जब्त

सागर। मध्यप्रदेश शासन के निर्देश पर समस्त प्रकार के माफिया पर कार्रवाई करने के निर्देश के पश्चात सागर जिले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में आज कलेक्टर दीपक आर्य के निर्देशानुसार खसरा नंबर 294/1 मौजा सेमरा अंगद ग्राम के लगभग एक एकड़ जमीन पर एलएनटी मशीन द्वारा अवैध रूप से मुरम का खनन किया जा रहा था, जिसमें मशीन को जब्त कर ढाना चौकी को सुपुर्द किया गया। अनुविभागीय अधिकारी विजय डहेरिया ने बताया कि कलेक्टर दीपक आर्य के निर्देश के पश्चात लगातार कार्रवाई की जा रही है। शिकायत मिलने के बाद आज तहसीलदार सुनील वाल्मीकि, पटवारी विजय वैद्य, श्रीराम कुमार पांडे, अनुराग पांडे, शैलेंद्र कुमार गौड़ एवं थाना प्रभारी राजेश शर्मा के दल द्वारा छापामार कार्रवाई की गई। जिसमें रोड का निर्माण कर रही फर्म के रविशंकर जायसवाल की एलएनटी मशीन उत्खनन करती पाया गई। मशीन एवं एक डंपर को गिट्टी सहित तत्काल जप्त किया गया।




### नवनिर्मित गोपालजी हाट बाजार में बन रहा भव्य स्वागत द्वार, जल्द शुरू होगा नया हाट बाजार : देवराज सोनी

रहली। रहली नगरपालिका अध्यक्ष देवराज सोनी ने बुधवार को नवनिर्मित गोपाल जी हाट बाजार का निरीक्षण किया और नजदीकी दुकानदारों से रूबरू भी हुए। नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने बताया कि नवनिर्मित हाट बाजार में सौन्दर्यकरण हेतु भव्य स्वागत द्वार बनाया जा रहा है। इस हाट बाजार में दुकानदारों और ग्राहकों की सुविधा का ध्यान रखते हुए आधुनिक पेय जल स्थल तथा शौचालय बनाये गए है। शीघ्र ही हाट बाजार की दुकान आवंटन की प्रक्रिया शासन के निर्देशानुसार निर्धारित मापदंड के तहत की जाएगी। पिछले महीनों में आचार संहिता और चुनाव के चलते बिलम्ब हुआ है। बिदित हो कि इस जगह रविवार का हाट बाजार लगता था और सब्जी की आढ़त की दुकान यहां पर संचालित होती थी। जगह की कमी और असुविधा के चलते हाट बाजार आने वाले दुकानदार और ग्राहकों को काफी परेशानी होती थी। जिसके चलते नपा अध्यक्ष देवराज सोनी के अनुरोध पर पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव द्वारा हाट बाजार निर्माण हेतु राशि स्वीकृत की थी। और हाट बाजार निर्माण कार्य होने के बाद लोकार्पण भी किया था। निरीक्षण के दौरान नपा अधिकारी, कर्मचारी, विक्रम ठाकुर, जफर खान उपस्थित रहे।

### लाडली बहनों को सुहाग सामग्री चूड़ी, बिंदी भेंट की

देवरीकलाँ। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा लाडली बहना योजना की माह जनवरी की किस्त का अंतरण लाडली बहनों के खातों में किया गया साथ ही 5 दिवसीय मकर संक्रांति महोत्सव का शुभारंभ किया जो 10 जनवरी से शुरू होकर 15 जनवरी तक आयोजित किए जाएगा । जिसमें विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा जिसके तारतम्य आज नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा लाडली बहनों को सुहाग सामग्री चूड़ी बिंदी उपहार स्वरुप भेंट किए गए। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अलकेश जैन, पार्षद प्रतिनिधि परशुराम साहु, दामोदर लोधी, सुनील रिछारिया, महिला बाल विकास सुश्री बगला नायक, ज्योति चौरसिया, सरस्वती पटेल, कृष्ण पांडे, पुष्पेंद्र मिश्रा, विवेक लखेरा उपस्थित रहे।




### निगमायुक्त के निर्देशानुसार पशु बाजार हफसिली में की गई सभी आवश्यक व्यवस्थाएं

सागर। सागर नगर की स्वच्छता एवं यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा संयुक्त रूप से पशु विचरण मुक्त क्षेत्र सागर से डेरी को शहर से बाहर विस्थापित करने की कार्रवाई लगातार की जा रही है जिसके तहत बुधवार को अंबेडकर वार्ड से प्रदीप यादव की 10 भैंसों को नगर निगम के वाहन द्वारा ग्राम आमेट शिफ्ट कराया गया। नगर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार डेयरी विस्थापन स्थल हफसिली में पशु बाजार के लिए चिन्हित जगह पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कर दी गई है। बुधवार को डेयरी विस्थापन दल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राहतगढ़ बसस्टैंड पर लगने वाले पशु बाजार पहुंच कर पशु विक्रेताओं को समझाईश दी इसके बाद पशुओं को जप्तकर नीलामी करने की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा शहर के मुख्य मार्ग पर विचरण करने वाले पशुओं को एवं पुनः अपने जानवरों को लाकर डेयरी का संचालन करने वाले पशु मालिकों के पशुओं को जप्त कर नीलामी की कार्रवाई की जाएगी ।



### नगरपालिका गढ़ाकोटा में लाड़ली बहना योजना राशि अंतरण का सीधा प्रसारण

गढ़ाकोटा। मुख्यमंत्री द्वारा लाड़ली बहना योजना अंतर्गत माह जनवरी 2024 की मासिक आर्थिक सहायता राशि अंतरण के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नगपालिका गढ़ाकोटा में दिखाया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर क्षेत्र की समस्त लाड़ली बहने उपस्थित रहीं। किशोरी बालिकाओं द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, कविता एवं गीत गायन की प्रस्तुत बालिकाओं द्वारा की गई जिसमें कुमारी स्नेहा साहू एव कविता साहू द्वारा आकर्षक रंगोली बनायी गई एवं गीत गायन किया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष दीपा दिनेश लहरिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगरपालिका गढ़ाकोटा, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास गढ़ाकोटा, सेक्टर पर्यवेक्षक राजेश्वरी चौबे, स्नेहलता जैन, बबीता भदौरिया एवं प्रियंका सेन उपस्थित रहीं इसी तरह परियोजना गढ़ाकोटा अंतर्गत समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रोजेक्टर एवं लेपटॉप के माध्यम से सभी ग्राम की लाड़ली बहनों को सीधा प्रसारण दिखाया गया। एवं प्रसारण के दौरान किशोरी बालिकाओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम, गीत गायन की प्रस्तुति की गई।

## पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री से भेंट कर सहमति ली

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव 15 जनवरी को खुरई महोत्सव का शुभारंभ करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 15 जनवरी, सोमवार को सागर जिले के खुरई में आगमन होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से पूर्व मंत्री व खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने आज बुधवार को भेंट कर खुरई महोत्सव के शुभारंभ हेतु पधारने का आमंत्रण दिया था जिस पर मुख्यमंत्री ने अपने आगमन की सहमति दे दी है। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव 15 जनवरी की शाम 4 बजे खुरई पहुंच कर “खुरई महोत्सव“ का भव्य शुभारंभ करेंगे। उल्लेखनीय है कि पूर्व में डोहेला महोत्सव के नाम से मकर संक्रांति पर आयोजित होने वाला “खुरई महोत्सव“ अपने तीन दिवसीय विशिष्ट सांस्कृतिक आयोजनों, व्यापारिक व धार्मिक गतिविधियों के लिए विख्यात है। पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा वर्ष 2024 के खुरई महोत्सव पर आगमन की सहमति मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि यह हमारे क्षेत्र के लिए सौभाग्य का विषय है कि मुख्यमंत्री सागर जिले के खुरई में पधार रहे हैं। उनका आगमन खुरई की विकास-यात्रा की निरंतरता में सहायक होगा। खुरई विधानसभा क्षेत्र के सभी नागरिक पलक पांवड़े बिछा कर मुख्य मंत्री डॉ. यादव का स्वागत व अभिनंदन करेंगे।



FORM NO.IV
{See-sub-rule (2A) of Rule 5}
Summon under sub-section 19 of the Act, read with sub rule (2A) of rule 5 of the Debts Recovery Tribunal (Procedure) Rules, 1993
BEFORE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR AT H. NO. 797-II, SHAHTIKUNJ, SOUTH CIVIL LINES JABALPUR (MP) 482001.
CASE NO.OA NO. 1192/2023

PUNJAB NATIONAL BANK — APPLICANT
VERSUS
M/s Pankaj Fruit Company and others — DEFENDANTS

1. M/s Pankaj Fruit Company
Throughits sole proprictor - Mr. Pankaj Kumar Kukreja S/o Shri Gyan Chand Kukreja
R/o 78/A, Naya Bazar, Katra, Sagar (M.P.) 470002
2. Pankaj Kumar Kukreja
S/o Shri Gyan Chand Kukreja
R/o H. No. 24, Narsamal Gali, Sant Kanwar ram Ward, Sagar (M.P.) 470002

Whereas, **O.A No. 1192/23** was listed before Hon'ble Presiding Officer on **20/11/2023.**
Whereas the Hon'ble Tribunal please to issue summons/notice on the said Application under 19(4) of the Act (OA) filed against you recovery of debts of **Rs.64,90,591.21/-** with expenses & future interest.
In accordance with Sub Section (4) of Section 19 of the Act, you, the defendants are directed as under :-

1. To show case within thirty days of the service of the summons as to why relief prayed for should not be granted;
2. To disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under Serial Number 3A of the Original Application;
3. You are restrained from dealing with of disposing of secured assets of such other assets and properties disclosed under Serial No. 3A of the Original Application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties.
4. You shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and/or other assets and properties specified or disclosed under Serial No.3A of the Original Application without the prior approval of the Tribunal.
5. You shall be liable to account for the sale proceeds realized by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank of financial institutions holding security interest over such assets.


You are also directed to file the Written Statement with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before Registrar on **23.04.2024 at 10.30 A.M.** failing which the application shall be heard and decided in you absence.
Given Under my hand and seal of the Tribunal on this the 10th day of Jan. 2024.

SEAL

Registrar
Debts Recovery Tribunal, Jabalpur

## खबर संक्षेप

### प्रदेश अध्यक्ष आज जिले के प्रवास पर, लेंगे बैठक



**टीकमगढ़।** भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष व प्रांत संगठन मंत्री आज जिले के प्रवेश पर रहेंगे। जहां भारतीय किसान संघ जिले में एक विशेष मासिक बैठक को गुरूवार के रोज दोपहर 1 बजे से कार्यालय के पुरानी टेहरी ललितपुर-सागर बाईपास रोड तालाब के पीछे आयोजित करेंगे। जिसमें भारतीय किसान संघ मध्यप्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष कमल सिंह आंजना व महाकौशल प्रांत संगठन मंत्री भरत सिंह पटेल का भी जिले में प्रवास रहेगा। इस दौरान वह जिले में चल रहे सदस्यता व किसानों की कृषि संबंधित समस्याओं पर विस्तृत रूप से चर्चा करेंगे।

### हटाजी में जितेन्द्र ने फहराया ध्वज



**टीकमगढ़।** बुधवार को श्री 1008 चंदा प्रभु अतिशय क्षेत्र हटाजी जिला टीकमगढ़ में वार्षिक मेला महोत्सव का शुभारंभ हुआ। जिसमें में जितेन्द्र जैन जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी टीकमगढ़ को ध्वजारोहण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। जिसके लिए में हटा क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष कस्तूरी चंद्र जैन, महामंत्री जितेंद्र जैन, लालू भाई एवं संपूर्ण कमेटी के साथ-साथ सम्पूर्ण नगर का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

### अवकाश के लिए सौंपा ज्ञापन

**टीकमगढ़।** पीएमयू एम शिक्षक संघ ने बुंदेलखंड के महत्वपूर्ण पर्व पर अवकाश की मांग रखते हुए कलेक्टर को एक ज्ञापन दिया। जिलाध्यक्ष सतीश खरे ने बताया की कलेक्टर के नाम एक पत्र लिख कर बुंदेलखंड के महत्वपूर्ण पर्व पर स्थानीय अवकाश की मांग की गई है। श्री खरे ने बताया की पत्र के माध्यम से लिखा गया की मकर संक्रांति का पर्व बुंदेलखंड का एक आस्था का पर्व है इस दिन इस क्षेत्र की प्रमुख नदियों के किनारे पूजा अर्चना होती है और वार्षिक मेलों का आयोजन किया जाता है इस दिन भगवान कुंडेश्वर मंदिर में।हजारों श्रद्धालु आस्था के साथ दर्शन करने आते है इसमें सैकड़ों कर्मचारी जन व उनके परिवार जन भी सम्मलित होते है। इसलिए इस दिन का स्थानीय अवकाश स्वीकृत किया जाए।

### 42 वाहनों की जांच, 10 चालान बनाए, दो जब्त

**विदिशा।** परिवहन आयुक्त के निर्देश पर आरटीओ अधिकारी गिरजेश वर्मा द्वारा लगातार वाहनों की जांच की जा रही है। सोमवार को श्री वर्मा ने सागर रोड बायपास पर वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान 42 वाहनों को रोककर जांच की गई। जिनमें से 12 वाहन नियम विरुद्ध चलते पाए गए। 10 वाहनों के चालान बनाकर 21 हजार 500 रुपए वसूले गए। वहीं 2 वाहनों को जब्त कर लिया गया। यात्री वाहनों की चेकिंग भी की जा रही है।

### 6 माह बीते, जमीन पर नहीं दिलाया कब्जा

**विदिशा।** त्योंदा क्षेत्र के ग्राम अमारी के एक परिवार ने मंगलवार को जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर के सामने गुहार लगाई। परिवार के सदस्यों ने बताया की कोर्ट में 5 साल से मामला चल रहा है। पिछले साल जून में कोर्ट ने हमारे पक्ष में फैसला सुनाया। ऑनलाइन नक्शा दर्ज होने के बाद चार हफ्तों में जमीन पर कब्जा दिए जाने की बात कही गई थी, लेकिन 6 महीने बीतने के बाद भी न्याय नहीं मिला। प्रशासन द्वारा कोर्ट की अवहेलना की जा रही है। मंगलवार को एक बार फिर कलेक्ट्रेट पहुंचकर पीड़ित परिवार ने गुहार लगाते हुए जल्द से जल्द इस प्रक्रिया को पूरा करने की मांग की है।

# जिले के प्रथम कलेक्टर स्वर्गीय गोस्वामी की स्मृति में हुआ 30 विद्यार्थियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



स्थानीय शाउमावि क्रमांक 2 टीकमगढ़ में स्व. मिथला प्रसाद गोस्वामी की स्मृति में प्रतिभावान छात्रों के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य एनडी अहिरवार, मुख्य अतिथि सेवा निवृत प्राचार्य शील चन्द जैन एवम संयोजक व्याख्याता डा.महेंद्र उपाध्याय रहे। संस्था के शिक्षक सतीश खरे ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रतिभा सम्मान टीकमगढ़ के प्रथम कलेक्टर स्व.श्री मिथिला प्रसाद गोस्वामी जी की स्मृति में उनके पुत्र आनंद गोस्वामी के सौजन्य से किया गया है। श्री खरे ने बताया की छात्रों के उत्साह वर्धन और अन्य छात्रों को प्रेरणा की दृष्टि से अर्द्ध वार्षिक परीक्षा में सेक्शन वार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को यह सम्मान दिया गया।

कार्यक्रम के संयोजक व्याख्याता डॉ. महेंद्र उपाध्याय ने बताया की आनंद गोस्वामी जी अपने स्व.पिता श्री मिथिला प्रसाद गोस्वामी जी की स्मृति में प्रति वर्ष शासकीय स्कूलों के गरीब बच्चो, ब्रद्धजन आश्रम एवम मानव प्रेरणा समिति के माध्यम से गरीबों का सहयोग करते रहते है। इसी क्रम में इस विद्यालय के छात्रों को सम्मानित किया गया है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शीलचंद जैन ने कहा की सभी छात्र इस कार्यक्रम से प्रेरणा लेकर अपने छात्र जीवन के उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और सभीजन आनंद गोस्वामी से प्रेरणा लेकर सामाजिक कार्यों में अपनी अपनी सहभागिता करें।कार्यक्रम के अध्यक्ष और संस्था प्रधान एन डी अहिरवार ने छात्रों से मन लगाकर पढ़ाई करने व समस्त शिक्षकों छात्रों की सभी समस्याओं को हल करने का आह्वान करते हुए कहा की इस सत्र का परीक्षा परिणाम बेहतर से बेहतर लाने का प्रयास किया जाय।वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को स्वत्रंता दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम में प्राचार्य एनडी अहिरवार, डॉ. महेंद्र उपाध्याय,व याख्याता सविता खरे, सुधा बुखारिया, अब्दुल करीम खान, कार्तिक खरे, अमरजीत कौर, दीपिका यादव, सुषमा राय, यास्मीन बानो, अंजना मिश्रा, अंजू पाठक, पीएस यादव, पीके जैन, जीएस लोहिया, सविता गुप्ता, अमित शर्मा, रोशनी अग्रवाल, मनीष खरे, नेहा जैन, शैलीना परवीन, सविता नरवरिया, पुनीत नायक, शिल्पी असाटी, आभा तिवारी, आरती श्रीवास्तव एवं समस्त शिक्षक विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

**छात्र हुए सम्मानित :** कार्यक्रम में छात्र संजय चढ़ार,कौशल घोष,विक्की अहिरवार,कुंदन अहिरवार, नीतेश लोधी,अरविंद प्रजापति,प्रिंस कुम्हार, सुमित अहिरवार, ब्रजेंद्र लोधी, पवन चढ़ार, अनिरुद्ध सिंह लोधी, अनिल घोष, मुवीन खान, महेंद्र सिंह यादव, प्रसन्न सिंह घोष,भरत कर्णधार, संजीव यादव, शिवा अहिरवार, अंकित अहिरवार एवं मोती पाल का सम्मान किया गया।

## बुधवार को भारत संकल्प यात्रा पहुंची बकपुरा और सापौन

**टीकमगढ़।** ग्राम बकपुरा और सापौन विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना सहित विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी आज 10 जनवरी 2024 को टीकमगढ़ जिले के लोकप्रिय सांसद एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार विधानसभा क्षेत्र टीकमगढ़ अंतर्गत ग्राम बकपुरा और सापौन में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मोदी की गारंटी वाले रथ का स्वागत किया गया एवं केंद्रीय मंत्री डॉक्टर वीरेंद्र कुमार ने केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना सहित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीण जनों को दी और अधिक से अधिक ग्रामीण जनों को योजनाओं का लाभ लेने की बात कही। इस अवसर पर मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने कहा कि देश की आजादी के वर्षो बाद आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार घर-घर जाकर योजना का लाभ देने के लिए गाँव गाँव जाकर विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। अंतिम छोर के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ मिले इसी संकल्प के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है मंत्री ने केंद्र सरकार द्वारा लिए गए ऐतिहासिक निर्णय की जानकारी भी ग्रामीण जनों को दी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत देश का नाम पूरे विश्व में रोशन हो रहा है वही मोदी की गारंटी वाला रथ भी गांव गांव जाकर शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ देने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष अमित नुना विवेक चतुर्वेदी पूर्व अध्यक्ष कोऑपरेटिव बैंक, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, कलेक्टर टीकमगढ़ अवधेश शर्मा, एसडीएम टीकमगढ़ संजय कुमार दुबे सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कदवां में गोली चलाने वाले आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल



**टीकमगढ़।** जिले के जतारा थाना अंतर्गत कदवां ग्राम में विगत दिनों हुई गोली चलने की घटना में शामिल आरोपियों को थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही घटना में प्रयुक्त 12 बोर का कट्टा भी जब्त किया है। पुलिस के अनुसार यह सारा घटनाक्रम पारिवारिक जमीनी विवाद के चलते घटित हुआ था। जिसमें चचेरे भाई के ऊपर दीपक पटैरिया ने अपने ससुर के साथ मिल कर उसे मारने की नियत से उस पर कट्टे से फायर किया था।

पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के कंदवा में गोली चलाने वाले आरोपियों को जतारा पुलिस ने किया गिरफ़्तार घटना में प्रयुक्त 12 बोर का कट्टा जप्त किया है। गत दिनांक 7 जनवरी को ग्राम कंदवा में पारिवारिक ज़मीनी विवाद के कारण अपने चचेरे भाई शिवा पटेरिया के ऊपर दीपक पटेरिया ने अपने भाई और ससुर के साथ मिलकर जान से मारने की नीयत से कट्टा से फायर किया था। जिसमें शिवा को छर्रे लगे थे उक्त घटना पर थाना में धारा 307 भादवि 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में टीआई जतारा अरविंद सिंह दाँगी द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए मुख्य आरोपी दीपक पुत्र द्वारिका पटैरिया निवासी कंदवा थाना जतारा उसके नाबालिग भाई सहित ससुर कमलेश तिवारी निवासी भिलोनी थाना खरगापुर को गिरफ़्तार किया गया। इसके साथ ही पुलिस ने घटना में प्रयुक्त 12 बोर का कट्टा ज़ब्त किया गया है। वहीं आरोपियों को गिरफ़्तार कर न्यायालय पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्रवाई में टीआई जतारा अरविंद सिंह दांगी, उप निरीक्षक मनोज दिवेदी, एनएस ठाकुर, प्रधान आरक्षक बालकिशन, आरक्षक राघवेंद्र, आदि रहे मौजूद।

### जुए के अवैध कारोबार पर जिले के पुलिस अधिकारियों ने दी दबिश

# पुलिस कप्तान के निर्देशन में मौके पर पहुंची टीम, चौकी प्रधान आरक्षक लाइन हाजिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



जिले की खिरिया पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम मिनौरा भेड़ फार्म के आस-पास व्यापक स्तर पर जुआ जैसे अवैध कारोबार संचालित होने की शिकायतें सुर्खियों में बनी हुई थीं। जैसे ही इस अवैध कारोबार की भनक जिले के पुलिस कप्तान के पास पहुंची तो उन्होंने इस मामले को संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई के लिए टीकमगढ़ एसडीओपी एवं सिटी कोतवाली में पदस्थ नगर निरीक्षक को निर्देशित किया। जिन्होंने मौके पर पहुंचकर दबिश दी। पुलिस के पहुंचते ही जुआरी भागने में सफल रहे। गौरतलब है कि ग्राम मिनौरा से उत्तरप्रदेश की सीमा लगी हुई है। दूसरे प्रदेश की सीमा का लाभ उठाते हुए जुआरी मौके से भाग गए। उक्त जानकारी सूत्रों के हवाले से प्राप्त हुई है।

सूत्रों की मानें तो इस सारे मामले को पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी से स्वयं अपने संज्ञान में लेते हुए खिरिया पुलिस चौकी में पदस्थ आनंद सुड़ेले को लाईन हाजिर करने की कार्यवाही को अंजाम दिया है। सूत्र तो यह भी बताते हैं कि उक्त जुए का कारोबार खिरिया पुलिस चौकी के कुछ पुलिस कर्मियों के संरक्षण में चल रहा था। जो व्यक्ति इस मामले का मुख्य सूत्रधार है वह एक चर्चित व्यक्तियों में शुमार है। उसके विरूद्ध अवैध उत्खनन, जुआ, अवैध शराब बिक्री सहित अन्य आरोप लगाए जा रहे हैं। सूत्र तो यह भी बता रहे हैं कि जिले के पुलिस कप्तान उक्त नामचीन व्यक्ति की गिरफ्तारी किए जाने के प्रयास अपने स्तर पर कर रहे हैं। संभवतः जल्द ही उसकी गिरफ्तारी होते ही इन सारे अवैध कारोबारों पर अंकुश लगने के कयास लगाए जा रहे हैं।

साहब की कार्यप्रणाली रही चर्चाओं में : जिले की खिरिया पुलिस चौकी प्रभारी कमल विक्रम पाठक जिले में जहां-जहां भी कार्यरत रहे हैं वहां उनकी कार्यप्रणाली चर्चाओं के घेरे में रही है। चाहे वह जिले का खरगापुर, पलेरा, बड़गांव या जिला मुख्यालय की सिटी कोतवाली रही हो, श्री पाठक अपनी कार्यशैली के नाम से स्वयं विख्यात माने जाते हैं अभी हाल ही में करणीसेना के प्रदेश अध्यक्ष से इनकी वर्तमान कार्यकाल के दौरान अच्छी खासी नोक-झोंक हुई थी। इस मामले ने काफी तूल पकड़ लिया था मगर पुलिस अधीक्षक के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हो पाया था।

**अफवाह उड़ाई जा रही**

जुआ खिरिया चौकी क्षेत्र के अंतर्गत नहीं बल्कि प्रदेश की सीमा से सटे उत्तर प्रदेश के वीर गांव में हो रहा था। अफवाहें मेरे क्षेत्र की उड़ाई जा रही हैं। मेरे द्वारा रोजाना क्षेत्र का भ्रमण कर मॉनिटरिंग की जाती है ताकि कोई अवैध कारोबार यहां संचालित न हो पाए।

**कमल विक्रम पाठक, प्रभारी, खिरिया चौकी, टीकमगढ़**

## रोती बिलखती जनसुनवाई में पहुंची महिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शास्त्री नगर निवासी महिला पार्वती रैकवार मंगलवार को जनसुनवाई में रोती बिलखती पहुंची। महिला ने बताया की प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए करीब 7 साल पहले आवेदन किया था, लेकिन अब तक आवास नहीं मिला। पार्वती बाई ने बताया की नगरपालिका के कर्मचारियों के कहने पर 20 हजार रुपए भी जमा कर दिए थे। शेष राशि के लिए लोन दिलाने की बात कही गई थी, लेकिन अकेली महिला होने के कारण बैंक भी लोन नहीं दे रही। 10 साल पहले पति बच्चों को लेकर चला गया। अब महिला अकेली रह रही है और अकेली होने के कारण बैंक लोन नहीं दे रही।



**विदिशा।** जनसुनवाई में अधिकारियों को अपनी कहानी सुनाती महिला पर्वती बाई।

## क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे कैबिनेट मंत्री पटेल का जगह-जगह हुआ स्वागत

**बीना।** स्वर्गीय पंडित राकेश सिरोठिया की स्मृति में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में पहुंचे कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल का जगह जगह कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया और आतिशबाजी की। स्वागत करने वालों रवींद्र जैन, मुकेश राय, मनोज शर्मा, सुनील सिरोठिया, डॉक्टर नरेंद्र ठाकुर, संतोष राय, भारती राय, शैलेश शाह, अवधेश राय, आलेख राय राकेश बिलगैंया, ईश्वर दुबे, विमल अहिरवार, आदि उपस्थित रहे।



### कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खिंचवाई फोटो

# एसएसवाई बीना को 3 रन से हराकर यश इलेवन बीना बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना






खिमलासा रोड स्थित नए बस स्टैंड के सामने मैदान में आयोजित स्वर्गीय पंडित राकेश सिरोठिया की स्मृति में बीना क्रिकेट टूर्नामेंट का बुधवार को समापन हुआ। टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में मप्र शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम विभाग के मंत्री प्रहलाद पटेल शामिल हुए। कैबिनेट मंत्री ने स्वर्गीय पंडित राकेश सिरोठिया के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। वहीं दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों के साथ फोटो भी खिचवाया। मंत्री का भाजपा जिलाध्यक्ष एवं टूर्नामेंट के आयोजक गौरव सिरोठिया के द्वारा स्वागत किया गया। वहीं कार्यकर्ताओं द्वारा एक बड़ी माला से स्वागत किया गया। करीब 15 मिनट तक मंत्री पटेल ने मैच का आनंद लिया और टूर्नामेंट को संबोधित किया। लगातार 15 दिन चले टूर्नामेंट का बुधवार को फाइनल मैच हुआ, जिसका मुकाबला बड़ा ही जोरदार रहा। फाइनल मैच यश इलेवन बीना एवं एसएसवाई बीना के बीच खेला गया। जिसमें यश इलेवन बीना ने यह मैच तीन रन से जीत लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए यश इलेवन ने निर्धारित 10 ओवर में 5 विकेट खोकर 106 रन बनाए। टीम की ओर से सर्वाधिक रन सुमित ने 31 रन, आशीष ने 25 रन एवं शांतनु ने 23 रन बनाए। एसएसवाई बीना की ओर से शुभम यादव ने सर्वाधिक 2 ओवर में 8 रन देकर 3 विकेट लिए। वहीं जवाब में एसएसवाई बीना निर्धारित 10 ओवर में 5 विकेट पर 103 रन ही बना सकी और यश इलेवन बीना ने एसएसवाई बीना को 3 रन से हरा दिया। एसएसवाई बीना की ओर से सर्वाधिक रन फरदीन ने 55 रन बनाए। वहीं यश इलेवन की ओर से जीशान खान ने 2 ओवर में 7 रन देकर 3 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच जीशान खान रहे। मैच अंत तक कांटे की टक्कर का चला। एक-एक रन बनाने एवं एक-एक रन बचाने की खिलाड़ी अंत तक मशक्कत करते रहे।

फाइनल मैच के पूर्व एसएसवाई बीना एवं नमन इलेवन खुरई के बीच सेमीफाइनल मैच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में एसएसवाई बीना ने 9 विकेट पर 87 रन बनाए। जिसमें सर्वाधिक रन शुभम यादव ने 20 रन, आकाश ने 19 रन का टीम को योगदान दिया। नमन इलेवन के खिलाड़ी अक्षय सिंह ने 2 ओवर में 9 रन देकर 3 विकेट लिए। जवाब में उतरी नमन इलेवन निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट खोकर 70 रन ही बना सकी और टीम 17 रन से हार गई। खुरई की ओर से सर्वाधिक रन एजाज ने 17, अक्षय ने 16 रन बनाए। वहीं एसएसवाई बीना की ओर से इरफान, सरोज, आशीष ने 2-2 विकेट लिए।

मिले आकर्षक उपहार- फाइनल में विजेता रही यश इलेवन बीना को 155555 रूपए एवं आकर्षक टाफी दी गई। इसी तरह उपविजेता टीम टीम एसएसवाई बीना को 55555 रूपए एवं टाफी दी गई। इसके अलावा मैन ऑफ द सीरीज बल्लेबाज शांतनु त्रिपाठी रहे। जिन्हें एलईडी पुरस्कार के रूप में दी गई।

एक हाथ से कैच लेने पर ढाई लाख की घोषणा- आयोजक समिति के द्वारा पुरस्कारों की कई बड़ी बड़ी घोषणा की गई। जिसमें दर्शकों के लिए घोषणा हुई की यदि कोई भी दर्शक ग्राउंड के बाहर एक हाथ से कैच लेता है तो उसे ढाई लाख रुपए पुरस्कार के रूप में दिए जाएंगे। लेकिन कोई भी कैच पकड़ने में सफल नहीं कर सका। इसी तरह खिलाड़ियों के द्वारा 100 रन बनाने पर फ्रिज एवं 50 रन बनाने पर मिक्सर ग्राइंडर पुरस्कार के रूप में देने की घोषणा की गई। जिसमें 50 रने बनाने वाले खिलाड़ी खिलाड़ी फरदीन काजी मुंबई को मिक्सर ग्राइंडर दिया गया। समिति अध्यक्ष योगेश दीक्षित, अकरम अली, किम्मी यादव, कपिल राजपूत, विक्की राय, अमित कटारे शुभम चौरसिया आदि मौजूद रहे।

## जुर्माना भरने के बाद भी लोग यातायात नियमों के प्रति नहीं जागरूक

# 11 महीने में 16 हजार 555 लोगों ने तोड़ा ट्रैफिक रूल, भरा 56.41 लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर श्योपुर पुलिस की नजर तिरछी हो गई है। शहर में यातायात नियमों का पालन नहीं करने पर यातायात पुलिस जुर्माना करने से नहीं चूकती है। लेकिन इसके बाद भी लोग यातायात नियमों का पालन करने के प्रति लापरवाही बने हुए है। बीते 11 महीने में श्योपुर पुलिस ने ट्रैफिक नियम तोडकर वाहन चलाते हुए 16 हजार 555 लोगों को पकड़ा है और उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए 56 लाख 41 हजार से ज्यादा का जुर्माना उनसे वसूला है। वावजूद इसके, लोग शहर सहित जिले की सडकों पर वाहन चलाने के दौरान यातायात नियमों का पालन करते हुए नहीं दिख रहे हैं। यातायात नियमों को लेकर बरती जा रही लोगों की लापरवाही उनकी जान पर भारी पड़ रही है।

खास बात यह है कि अब तक जिले की सडकों पर हुए एक्सीडेंट के दौरान कई बाइक सवार लोगों की इसलिए मौत हो गई,क्योंकि उनके सिर पर हेलमेट नहीं लगा था। जिसकारण उसके सिर में गंभीर चोट आने से उनकी जान चली गई। पुलिस यातायात नियम तोडने पर चालानी कार्रवाई करने के साथही लोगों को समझाइस भी देती है, इसके बाद भी लोग यातायात नियमों को लेकर जागरूक क्यों नहीं बन रहे हैं, जो बड़ी विचारणीय बात है। यातायात पुलिस की माने तो 1 जनवरी 2023 से लेकर 30 नवंवर 2023 तक जिले के 16 हजार 555 लोगो को यातायात नियम तोड़कर वाहन चलाते हुए पकड़ा गया है। इनमें 16 हजार 554 वाहन के चालकों पर जुर्माना करते हुए उनसे 56 लाख 41 हजार 900 रूपए का जुर्माना वसूला है। वहीं एक वाहन चालक पर ओवर लोडिंग की कार्रवाई करते हुए उसके खिलाफ कोर्ट चालान की कार्रवाई की गई है।




### 52 सीटर बस में भरी थीं 62 सवारी, ठोका जुर्माना

यातायात पुलिस ने मंगलवार की शाम को चैकिंग के दौरान दो ओवर लोड वाहनों पर जुर्माने की कार्रवाई है। इनमें एक यात्री बस और एक टेलर शामिल है। ट्रैफिक सूबेदार अनिल बाथम ने बताया कि शहर के पाली रोड पर लगाए गए चैकिंग प्वाइंट के दौरान दो दर्जन से ज्यादा वाहनों के हेलमेट न पहनने के चलते जुर्माना किया है। वहीं एक यात्री बस भी ओवर लोड सवारियों के साथ पकड़ी है। जिसमें 62 सवारियां भरी थी, जबकि बस 52 सीटर थी। इसलिए बस पर 2 हजार जुर्माना किया है। वहीं ओवर लोड में पकडे गए टेलर पर 15 हजार का जुर्माना किया है।

**एक जनवरी से 30 नवंबर तक की गई कार्रवाई**

| चालान का प्रकार | चालान | रकम |
|---|---|---|
| बिना हेलमेट | 13167 | 3950100 |
| बिना सीट बेल्ट | 1424 | 712000 |
| बिना रजिस्ट्रेशन नंबर | 632 | 316000 |
| बाइक पर तीन सवारी | 51 | 25500 |
| मोबाइल पर बात करना | 07 | 3500 |
| तेज गति से वाहन चलाना | 41 | 41000 |
| नो पार्किंग में वाहन | 35 | 19500 |
| ओवर लोड वाहन | 01 | कोर्ट |
| अन्य धाराओं में | 1197 | 574300 |
| कुल चालान | 16555 | 5641900 |

### पकड़े जाने पर लगाते हैं कई बहाने

शहर में जब ट्रैफिक पुलिस लोगों को रोक कर हेलमेट न लगाने का कारण पूछती है तो, कुछ लोग कई तरह के बहाने लगाते हैं। यातायात थाने के सूबेदार अनिल बाथम ने बताया कि गाड़ी चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट लगाना बहुत जरूरी होता है. लोगों को सेफ्टी का ध्यान रखना चाहिए. ऐसा न करने पर ही लोगों के चालान काटे जा रहे हैं।

### हेलमेट न लगाने वालों का सबसे अधिक चालान

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 01 जनवरी 2023 से 30 नवंबर 2023 तक सबसे ज्यादा चालान हेलमेट न लगाने पर किया गया है। पुलिस ने 11 महीनों के दौरान बिना हेलमेट बाइक चलाते हुए 13 हजार 167 लोगों को पकड़ा है। जिनसे 39 लाख 50 हजार 100 रूपए का जुर्माना वसूला गया है। वहीं बिना सीट बेल्ट चार पहिया वाहन चलाते हुए 1424 लोगों को पकड़ा है, उनसे 7 लाख 12 हजार का जुर्माना किया गया है। जबकि बाइक पर तीन सवारी बैठाने पर 51 वाहनों पर 25 हजार 500 रूपए का चालान काटा है। यही नहीं पुलिस ने 41 ऐसे वाहनों पर भी जुर्माना किया है, जो काफी तेज गति से वाहन चलाते हुए पकड़े गए हैं। इनसे 41 हजार का जुर्माना वसूला गया है।

## जिप्सी का संचालन के लिए कूनो पार्क प्रबंधन ने मांगे आवेदन

# श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में अब पर्यटक करेंगे जिप्सी की सफारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में अब रणथम्भौर टाइगर सेंचुरी की तरह पर्यटकों के लिए सफारी शुरू करने की तैयारी की जा रही है। जिस तरह पर्यटक खुली जिप्सियों में बैठकर रणथम्भौर सेंचुरी को निहारते हैं, ठीक उसी तरह पर्यटक अब कूनो सेंचुरी को भी निहार सकेंगे। यही नहीं चीतों का दीदार भी कर सकेंगे। इसके लिए कूनो वन मंडल श्योपुर के द्वारा जिप्सियों के पंजीयन के लिए आवेदन मांगे गए थे। 30 जनवरी तक आवेदन लिए जाएंगे। इसके बाद अगले माह से जिप्सियों का संचालन शुरू किए जाने की उम्मीद है। दरअसल अब पर्यटकों के लिए कूनो नेशनल पार्क के तीनों गेट खोल दिए गए है। तीनों गेटों से पर्यटक कूनो सेंचुरी में प्रवेश करके इसका नजारा देख रहे हैं। लेकिन अभी पर्यटक निजी गाडियों से कूनो की सफारी करते हैं। लेकिन अब कूनो वन मंडल इन निजी गाड़ियों के बंद करके इनकी जगह जिप्सियों का संचालन शुरू करेगा। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कूनो वन मंडल यह नवाचार शुरू करने जा रहा है। इसके लिए जिप्सियों को अनुबंधित करेगा। बताया गया है कि जिप्सियों को अनुबंधित करने के लिए कूनो वन मंडल के द्वारा जिप्सी मालिकों से आवेदन भी मांगे गए हैं। ये आवेदन 30 जनवरी तक कूनो वन मंडल श्योपुर में लिए जाएंगे।

### तीनों गेटों पर उपलब्ध रहेंगी जिप्सियां

कूनो नेशनल पार्क में पर्यटकों को प्रवेश करने के लिए कूनो पार्क प्रबंधन के द्वारा टिकटोली गेट, पीपलवाड़ी और अहेरा गेट को खोल रखा है। बताया गया है कि इन तीनों गेटो पर आगामी दिनों में पर्यटकों के लिए कूनो की सफारी के लिए जिप्सी उपलब्ध रहेंगी। कूनो पार्क प्रबंधन अनुबंधित की जाने वाली जिप्सियों को तीनों गेटों पर तैनात करने पर विचार कर रहा है।

### अभी दो चीते खुले जंगल में

मादा चीता आशा के द्वारा तीन शावकों को जन्म देने के बाद से पूरे कूनो नेशनल पार्क में उल्लास का वातावरण बना हुआ है। वहीं दो चीते भी कूनो के खुले जंगल में रफ्तार भर रहे हैं। बताया गया है कि अन्य चीते अभी बाडे में बंद हैं, लेकिन जिन्हें धीरे-धीरे करके कूनो के खुले जंगल में छोड़ा जाएगा। ताकि कूनो नेशनल पार्क में आने वाले पर्यटकों को चीता का दीदार हो सके।


### इनका कहना है

हां, अब कूनो नेशनल पार्क में अनुबंधित जिप्सियों का संचालन शुरू किया जाएगा। इसके लिए आवेदन मांगे गए हैं। आवेदन आने के बाद कमेटी के निर्णय अनुसार जिप्सियों का संचालन शुरू किया जाएगा।

**आर थिरूकुरल**
**डीएफओ, कूनो श्योपुर**

### शराब के लिए पैसे मांगने वाले दो आरोपियों को 5 साल का सश्रम कारावास

श्योपुर। शराब पीने के लिए पैसे मांगने और न देने पर मारपीट करने वाले दो आरोपियों को श्योपुर के न्यायालय ने पांच-पांच साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाते हुए 70 हजार का जुर्माना किया है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव ने बताया कि यह मामला 22 जनवरी 2022 का है। रात्रि के दौरान जब फरियादी भोगिका तिराहे पर लगी अपनी चाय नाश्ते की दुकान पर सो रहा था,तभी वहां तीन लोग पहुंचे और शराब पीने के लिए एक हजार रूपए मांगे। पैसे न देने पर उन्होंने फरियादी की सरिया और लाठी से मारपीट कर दी। जिससे वह जख्मी हो गया। इस मामले में मानपुर थाना पुलिस ने तीन आरोपी विकास मीणा निवासी काचरमूली, लखन उर्फ रामलखन मीणा निवासी दांतरदा और दिलीप मीणा निवासी बोरदादेव के खिलाफ मामला दर्ज कर चालान न्यायालय श्योपुर में प्रस्तुत किया। न्यायालय के विचारण के दौरान आरोपी विकास मीणा और लखन उर्फ रामलखन मीणा को दोषी मानते हुए उन्हें 5-5 साल के सश्रम कारावास और 35-35 हजार के जुर्माने की सजा सुना दी। जबकि संदेह का लाभ देते हुए दिलीप मीणा को दोष मुक्त कर दिया।



### हमें भी लगती है सर्दी, हमें भी होता है ठिठुरन का एहसास

श्योपुर। सर्दी इंसानों को ही नहीं हमें भी लगती है, हमें भी होता है ठिठुरन का एहसास, अलाव पर ताप कर सर्दी से बचाव कर रही ये गाय शायद मन ही मन यही कह रही होगी। गोमाता को सर्दी से बचाने के लिए श्री हरिमीडिया कार्यालय पर रोजाना इसी तरह अलाव जलाया जाता है। जहां पर ये गौमाता दिनभर इसी तरह आग के पास आकर खड़ी हो जाती है।

# 150 ट्रॉली रेत प्रशासन ने की नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बड़ौदा तहसील के ग्राम रुंडी में रेत माफिया द्वारा अवैध उत्खनन के जरिए भंडारित की गई करीब 150 ट्रॉली रेत को जिला प्रशासन ने पुलिस की मदद से नष्ट करने का काम किया। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई है।

कलेक्टर संजय कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र सिंह तोमर, बडौदा एसडीओपी




प्रवीण अष्ठाना के निर्देशन में बडौदा थाना प्रभारी सत्यम सिंह गुर्जर, पांडोला चौकी प्रभारी उप निरीक्षक शिवराम कंसाना, आवदा थाना प्रभारी शशि तोमर दलबल के साथ रेत के अवैध उत्खनन को रोकने के उद्देश्य से रुंडी गांव पहुंचे तो उन्हें सरकारी जमीन पर दो स्थानों पर 100 और 50 ट्रॉली कुल 150 ट्रॉली रेत के ढेर दिखे। इस रेत पर अपना दावा करने के लिए वहां पर कोई नहीं आया तो प्रशासन ने उक्त रेत को जेसीबी के माध्यम से मिट्टी में मिलाकर उसकी गुणवत्ता नष्ट करने का काम किया, साथ ही रेत का उत्खनन करने वालों को जेल भेजना की चेतावनी देते हुए ग्रामीणों को समझाइश भी दी की जो भी लोग रेत के अवैध उत्खनन में लिप्त है उनके नाम बताएं और इनाम पाए।

# बाजार में अचानक आए हुए गोवंश के झुंडों ने मचाया बवाल, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मंगलवार की देर शाम टोडी गणेश बाजार में सौ से डेढ़ सौ के क़रीब गोवंश के झुंड ने अचानक आकर ऐसी अव्यवस्था फैलाई की एक बारगी तो लोगों की जान ही सांसत में आ गई। सड़कों पर रखी बाइक और दूसरे वाहनों को गोवंश ने नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया, घबराए दुकानदारों ने नुकसान से बचने के लिए अपनी दुकानों के शटर तक गिरा दिए। व्यापारियों ने गोवंशों के इस झुंड को इधर से उधर भागते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर डालकर अपनी समस्या प्रदर्शित भी की।

इन दिनों शहर में निराश्रित गोवंश की संख्या में कई गुना अधिक बढ़ोतरी हो गई है ऐसा कोई दिन बकाया नहीं जाता जब किसी न किसी गांव से आए ग्रामीण हाथों में डंडे लिए गोवंश को जंगल की ओर ले जाते ना दिख रहे हो। अपनी फसलों को बचाने के लिए किसान निराश्रित गोवंश को गांव से बाहर ले जाकर जंगल में छोड़कर आ रहे हैं लेकिन गोवंश जंगल से वापस लौटकर शहर में रूक रही है जो अव्यवस्था का सबब बन गई है। मंगलवार की देर शाम पुल दरवाजा की ओर से एक सैकड़ा से अधिक गोवंश अचानक गणेश बाजार की ओर से सुबात चौराहा की ओर निकल गया लेकिन वहां बज रहे शादी ब्याह के बैंड बाजे डीजे की आवाज से बीच का गोवंश वापस दौड़ लगाता हुआ पुल दरवाजा की और दौड़ता आ गया इस दौरान झुंड ने कई वाहनों की तोड़फोड़ और दुकान के बाहर रखें सामान का नुकसान तक कर डाला। कई बार बाजार में इधर से उधर गौवंश के चक्कर लगाने के कारण शहर में दुकानदारों को अपनी दुकानों का नुकसान होने से बचने के लिए दुकानों के शटर तक लगाने पड़े।



### फ़सल के सीजन में हर साल निर्मित होती है समस्या

निराश्रित गोवंश के कारण यातायात की समस्या हर साल इसी सीजन में निर्मित होती है ज्ञात हो कि रबी सीजन में किसान अत्यधिक मात्रा में गेहूं और चना फसल की बुवाई करते हैं इन फसलों को मवेशी से अधिक नुकसान होने का खतरा होता है। गांव में झुंड के झुंड मवेशी खेतों में घुसकर फसलों को चट कर जाते हैं अपनी फसलों को बचाने के उद्देश्य से ग्रामीण को वंश को हांक कर जंगल की ओर ले जाकर छोड़ देते हैं।

### दिखावा बनी गौशालाएं

गोवंश की समस्या गौशालाओं के ठीक से क्रियान्वयन नहीं होने के कारण भी निर्मित हो रही है हालांकि गौशालाओं में गोवंश के रखरखाव के लिए सरकारी की ओर से प्रति गाय के हिसाब से चारा अनुदान दिया जाता है शहर में संचालित गौशालाओं में हर साल चारा और रख रखाव के लिए मोटी रकम शासन प्रशासन से मिलती रहती है लेकिन सड़क पर विचरण करने वाले निराश्रित गौवंश को अपनी गौशाला में प्रवेश नहीं देने वाले इन गौशाला संचालकों की व्यवस्थाओं पर प्रश्न चिन्ह जरूर लगता है।

# भारत मुक्ति मोर्चा ने ईवीएम को बेन करने को लेकर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

देश में सभी चुनाव ईवीएम के बजाय वैलिड पेपर से कराए जाएं एवं ईवीएम बेन की जाए जैसी मांग को लेकर बुधवार को भारत मुक्ति मोर्चा के बैनर तले स्वमसेवियों ने गांधी पर धरना देकर विरोध दर्ज कराया। धरना दे रहे स्वंसेवियो ने कहा कि ईवीएम के माध्यम से चुनाव में निष्पक्षता नहीं रहती है ईवीएम को हैक किया जा सकता है। जो पार्टी सत्ता में होती है वह अपने अधिकार का दुरुपयोग चुनाव जीतने के लिए कर सकती है। स्वच्छ एवं निष्पक्ष चुनाव करने के उद्देश्य से ईवीएम को भारत में बंद किया जाए। ज्ञात हो की ईवीएम को बंद करने के लिए चरणबद्ध




आंदोलन चलाया जा रहा है जिसके तहत पूर्व में राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जा चुका है, बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने उपवास किया गया। 14 जनवरी को रैली निकालकर प्रर्दशन किया जाएगा। 31 जनवरी को दिल्ली पहुंचकर प्रदर्शन जंगी प्रदर्शन किया जायेगा।

# नपाध्यक्ष ने आयुक्त नगरीय प्रशासन को सौंपा पत्र, कहा घटिया काम कर रही एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर की प्यास बुझाने के लिए एमपीयूडीसी के माध्यम से पार्वती नदी से लाए जाने वाले पानी को घर-घर पहुंचने की कवायद के तहत निर्माण एजेंसी द्वारा घटिया निर्माण करने और काम को अधूरा छोड़े जाने से होने वाली परेशानी को इंगित करते हुए नपाध्यक्ष श्योपुर रेनू सुजीत गर्ग ने नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त को पत्र सौंपा है। नपाध्यक्ष पति द्वारा भोपाल पहुंचकर आयुक्त से मुलाकात कर उन्हें पत्र सौंपकर बताया कि एमपीयूडीसी द्वारा पार्वती पेयजल उद्वाहन योजना के तहत पार्वती नदी से शहर में लाई जाने वाली पाइपलाइन के तहत शहर में जो लाइन बिछाई जा रही है वह घटिया स्तर की है साथ ही कंपनी जगह-जगह वार्डों में गड्ढे खोदकर नाली भराई का काम भी नहीं कर रही है जिससे गलियों में जल भराव होकर गंदगी एवं संक्रमित बीमारियां फैलने का सबब बन रही है। आम जनता के माध्यम से इसकी शिकायतें नगर पालिका को मिल रही



है क्योंकि उक्त कंपनी का कार्यालय जिला मुख्यालय से 225 किलोमीटर दूर है इसलिए लोग समस्या बताने के लिए नगर पालिका आ रहे हैं। अभी तक पार्वती नदी से शहर तक लाई जाने वाली लाइन बिछाई भी नहीं गई है और शहर में बनने वाली टंकियों का निर्माण भी शुरू नहीं हुआ है इससे पहले ही शहर में गड्ढे खोदने से बेवजह की समस्या बढ़ती जा रही है। नपाध्यक्ष ने आयुक्त से मांग की है कि एमपीयूडीसी को निर्देशित किया जाए कि पहले पानी सप्लाई के लिए शहर में टंकी बनाए और पार्वती नदी से शहर तक मुख्य लाइन बिछाने का काम करे उसके बाद ही शहर में पाइपलाइन बिछाए तथा गुणवत्ता युक्त पाइप का उपयोग ही किया जाए।

## अब साल में एक बार नहीं हर सप्ताह करना पड़ती है नालों की सफाई

# नपा के पॉलीथिन पर प्रतिबंध लगाने की कमजोर इच्छा शक्ति का दंश भोगता शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

देश को प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए सिंगल यूज प्लास्टिक अभियान के प्रति प्रशासन की कमजोर इच्छा शक्ति का दंश शायद शहरवासी भोगते दिख रहे हैं। पॉलिथीन पर प्रतिबंध नहीं लगाने से नगर पालिका को खुद सफ़ाई व्यवस्था पर हर माह कई गुना अधिक पैसा खर्च करना पड़ रहा है, जिन नालों की पूर्व में बारिश से पहले सफ़ाई हुआ करती थी उन नालों की अब नगरपालिका को हर माह सफ़ाई करानी पड़ती है।

जिस गति से शहर की आबादी विगत आधा सदी में बड़ी है उससे भी कई हजार गुना गति से शहर में कचरा फैलाने की आदत में वृद्धि हुई है। जिस शहर को कभी सफाई कर्मी द्वारा सिर्फ झाड़ू के माध्यम से साफ कर दिया जाता था उस नगर की सफाई के लिए अब नगर पालिका को कई गुना सफाई कर्मचारियों की भर्ती करने के बावजूद सफाई के लिए जेसीबी जैसे बड़े संसाधनों को खरीदना पड़ा है। आए दिन जेसीबी को किसी न किसी वार्ड में नालों की सफाई का काम करते सफाई कर्मचारियों को देखा जा सकता है। सफ़ाई के दौरान नाले से निकलने वाले कचरे में अधिक मात्रा उसे पॉलिथीन की होती है। पॉलिथीन पर भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिंगल उसे प्लास्टिक अभियान के तहत प्रतिबंध लगाया हुआ है। प्रश्न यही उठता है कि नगर पालिका सहित देश और प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार के जिम्मेदार भाजपा नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाले नारे को तो चुनाव प्रचार में खूब इस्तेमाल करते है लेकिन पॉलीथिन पर प्रतिबंध लगाने की बात को शायद वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिंगल यूज प्लास्टिक अभियान को उनकी गारंटी में शामिल नहीं मानते।



### पॉलीथिन के चलन से सीप हो गई मैली

शहर के लिए जीवन दायिनी माने जाने वाली सीप नदी का पानी कभी निर्मल और पीने लायक हुआ करता था लेकिन जब से पॉलीथिन अत्यधिक चलन में आई है तब से सीप का निर्मल जल भी दूषित हो गया। दर असल शहर में आधा दर्जन से अधिक नाले के माध्यम से पॉलीथिन सीप में प्रवाहित होने जीवनदायिनी माने जाने वाली सुंदर नदी नाला बनकर रह गई है।

### पहले साल में एक बार साफ़ होते थे नाले अब हो रहे हर सप्ताह

जब पॉलिथीन का चलन नहीं थी या पॉलीथीन चलन में कम आई थी तब नगर पालिका नालों की तला झाड़ सफाई साल में एक बार वर्षा काल से पूर्व करती थी तब भोपाल से ही विभाग द्वारा वर्षाकाल से पहले नालों की तला झाड़ सफाई करने के निर्देश प्राप्त होते थे, तब नगर पालिका मानव श्रम के माध्यम से वर्षा काल से पहले नालों की सफाई करा लेती थी लेकिन जब से पॉलिथीन अत्यधिक चलन में आई है तब से नालों की सफाई करना नगर पालिका कर्मचारियों के लिए परेशानी का सबक बन गई है अब नालों में पॉलिथीन एकत्रित होने के कारण नगर पालिका को हर माह नालों की सफाई जेसीबी के माध्यम से करनी पड़ रही है।

## बोर्ड का रिजल्ट सुधारने को लेकर आयोजित बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# 80 प्रतिशत नहीं रहा बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट, तो रुकेगी प्राचार्यों की वेतनवृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बच्चों को अध्यापन के लिए प्रेरित करें तथा उनका बेहतर तरीके से मार्गदर्शन करें। प्रत्येक बच्चे में संभावनाएं विद्यमान हैं। उनकी प्रतिभा को निखारने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी हम सभी की है। शिक्षण कार्य साधना का विषय है, जिससे हम बच्चों को बेहतर इंसान बनाने के लिए कार्य करते हैं। यह बात कलेक्टर संजय कुमार ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक में डीईओ रविन्द्र सिंह तोमर, सीएम राईज विद्यालय श्योपुर के प्राचार्य अशोक खण्डेलवाल, प्रमोद सिकरवार सहित 78 हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित थे।

कलेक्टर संजय कुमार ने कहा कि फरवरी माह में 10वी एवं 12वी बोर्ड की परीक्षाएं आयोजित होगी। प्राचार्य इन कक्षाओ में पढने वाले एक-एक विद्यार्थी के शैक्षणिक स्तर का आंकलन कर रणनीति तैयार करें तथा कमजोर बच्चों के लिए एक्सट्रा क्लास लगायें। ताकि इस साल प्रत्येक स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम 80 प्रतिशत आ सके। कलेक्टर ने कहा कि 80 प्रतिशत रिजल्ट लाने पर ही स्कूलों के प्राचार्यों को ही आगामी वेतनवृद्धि का लाभ दिया जाएगा, इससे कम रिजल्ट रहने पर वेतनवृद्धि का लाभ नही मिलेगा। उन्होंने कहा कि गत वर्ष 10वी बोर्ड में 62.69 एवं 12वी बोर्ड में 59.51 प्रतिशत रिजल्ट रहा, जो संतोषजनक नही है। उन्होंने सभी प्रिंसिपलों को निर्देश दिये कि स्कूलों में शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाया जाये तथा शिक्षको के अध्यापन कार्य की नियमित समीक्षा की जायें। ऐसे शिक्षक जो अध्यापन कार्य में रूचि नही लेते है, उनके विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जाए।



### मॉडल स्कूल कराहल के प्रिंसिपल को मिलेगा प्रशस्ती पत्र

कलेक्टर संजय कुमार ने बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि बच्चों के लिए बेहतर रणनीति तैयार करने, अध्यापन कार्य में रूचि लेने तथा शत प्रतिशत रिजल्ट देने वाले मॉडल स्कूल कराहल के प्रिंसिपल बीएल धाकड़ को उनकी ओर से प्रशस्ती पत्र प्रदान किया जाए। इसके अलावा उन्हें 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान भी सम्मानित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मॉडल स्कूल कराहल में पिछले वर्ष 10वी एवं 12वी का 100 प्रतिशत रिजल्ट रहा है तथा अधिकांश बच्चे प्रथम श्रेणी में उतीर्ण हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### मतदान दलों का प्रशिक्षण आज सुबह 11 बजे से

**अशोकनगर।** जिला पंचायत सदस्यज के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 05 के रिक्त पद हेतु उप निर्वाचन के लिये मतदान दलों का प्रशिक्षण 10 जनवरी 2024 को प्रात 11 बजे शासकीय नेहरू महाविद्यालय नवीन भवन अशोकनगर में आयोजित किया गया है।

### दिव्यांशु बांझल बने सीए



**अशोकनगर।** मंगलवार को घोषित सी ए के परिणामों मे शाढौरा के दिव्यांशु बांझल को सफलता मिली है दिव्यांशु नगर के प्रतिष्ठित परिवार सुनील बांझल मामा के पुत्र है उन्होंने अपनी सी ए की पढ़ाई इन्दौर रहकर की है नगर का दिव्यांशु दूसरा छात्र है जो सी ए बना है 4 बर्ष पूर्व भी एक छात्र सी ऐ बना है इस सफलता पर दिव्यांशु एंव बांझल परिवार को समाजजनो, इष्ट मित्रों रिश्तेदारों ने बधाईयां दी है।

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के मुगावली थाने के अंतर्गत ग्राम सावलहेडा निवासी संगीता पुरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके पति किस्मत पुरी ने दहेज की मांग को लेकर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ दहेज प्रताडना का मामला दर्ज किया है।

### युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत ग्राम गहौरा निवासी 32 वर्षीय हरवीर केवट ने अज्ञात कारणो के चलते अपने ही घर मे फासी लगाकर खुदकुषी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

### रेल पटरियों पर मिला अज्ञात शव

**अशोकनगर।** जिले के मुगावली थाने के अंतर्गत मुगावली गुन्हेरू रेल्वे स्टेषनो के बीच रेल पटरियो पर किसी अज्ञात व्यक्ति का शव पाया गया है। पुलिस ने रोहित बाल्मीक स्वीपर की सूचना पर से मृतक का शव बरामद किया है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम फतेहपुर निवासी किसाबाई बंजारा और उसके पति धनीराम के साथ मारपीट की गई। पुलिस ने कल्लू ,वीरेन्द्र ,कृष्णा भूरी बाई बंजारा के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज किया गया है। ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बहेरिया रूपनगर निवासी कृष्णपाल जाटव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी कुलदीप रघुवंशी राहुल कुशवाह उसे अपनी कार मे बैठाकर ले गए और उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिपरई निवासी नाथूराम अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी बंटी अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गरेठी निवासी कल्याण लोधी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी बहादुरसिह लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना मे दूसरे पक्ष की ओर से बहादुरसिंह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कल्याण लोधी ने उससे मारपीट की ।जिले के मुगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मूडरा निवासी माखनसिंह गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी अर्जुन सिह आजाद सिंह शिवराज सिंह गुर्जर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी ।जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सलौना निवासी धर्मेन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी वीरसिंह यादव और गीता बाई ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सतपईया निवासी कालीचरण अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी हल्के ,कल्याण मुन्नालाल और शैतान अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना मे दूसरे पक्ष की ओर से कल्याण अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कालीचरण, बाबूलाल,सुनील रामलखन अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

---

#### पुलिस ने छह आरोपियों को किया गिरफ्तार, दो चल रहे फरार, तलाश जारी

# खुलासाः पति के साथ भूख हड़ताल पर था आरोपी, पहचाना तो कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

बैराड में तीन माह पहले दिनदहाड़े घर में घुसकर चायना शर्मा के घर में लूट और उसके बाद हत्या के मामले में पुलिस को सफलता हासिल मिली है। इस हत्याकांड में पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं दो आरोपी अभी भी फरार है। पुलिस शेष आरोपियों की तलाश कर रही है।

बीते 10 अक्टूबर 2023 को दोपहर में घर में न्यौता देने की कहकर आए आरोपियों ने दिन दहाडे चायना शर्मा की हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की, परंतु आरोपियों ने इस बारदात को इतनी सफाई से अंजाम दिया कि पुलिस भी इन आरोपीयों तक नहीं पहुंच पा रही थी। जिसके चलते परिजनों में भी आक्रोश देखने को मिल रहा था। इस मामले को लेकर मृतिका चायना शर्मा के पति अजय शर्मा और परिजनों ने पुलिस की कार्यप्रणाली से नाखुश होकर थाने के बाहर भूख हड़ताल की थी। इस भूख हड़ताल के बाद पुलिस ने परिजनों को 15 दिन में हत्याकांड का खुलासा करने का आश्वासन दिया और पुलिस ने इस मामले का आज खुलासा कर दिया है। बताया जा रहा है कि इस हत्याकांड का मास्टरमाइंड हेमंत शर्मा उम्र 16 साल निवासी गुरिच्छा थाना गोवर्धन है तो कि मृतिका के घर के पास में ही किराए का कमरा लेकर पढ़ाई करता था। समाज का होने के नाते आरोपी का चायना शर्मा के घर आना जाना था। साथ ही मृतिका के बच्चों से आरोपी ने दोस्ती कर रखी थी। जिसके चलते आरोपी को पता था कि घर में जेवरात और अन्य सामान कहा रखा रहता है। जिसके चलते आरोपी ने अपने रूम पार्टनर महेन्द्र तोमर निवासी गुरिच्छा के साथ मिलकर रैकी की और इस बारदात की पटकथा लिखी। दोनों आरोपियों ने इस मामले में अपने मामा पवन शर्मा उर्फ बंडा निवासी धतूरा जो कि बैराड़ थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है को पूरी प्लानिंग बताई। उसके बाद आरोपी अपने साथी मोनू उर्फ दीपक तोमर निवासी गुरिच्छा, भरत तोमर निवासी गुरिच्छा जो पहले भी लूट और हत्या के मामले में गोवर्धन थाना क्षेत्र में आरोपी है ने अपने साथी भरत तोमर निवासी गुरिच्छा, कल्याण उर्फ कल्ला रावत निवासी वीलवरा माता बैराड़, आरोपी बृजमोहन उर्फ खन्ना परिहार निवासी हर्रई थाना गोवर्धन, शुभम तोमर निवासी के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि यह आरोपियों में से दो आरोपी घर में घुसे थे और मृतिका को कहा कि वह ऐंचवाडा से पटा का न्यौता देने आए है। जहां आरोपी घर में घुसे। जिसमें से एक आरोपी को मृतिका ने पहचान लिया। जिसके चलते आरोपियों ने उसकी गला दबाकर हत्या कर घर में रखे सोने चांदी के जेवर लूटकर ले गए। इस मामले में परिजनों ने पहले स्मैक के नशेलचियों में हत्या का संदेह जाहिर किया था। एसडीओपी सुजीत भदौरिया ने बताया कि परिजनों ने इस मामले को लेकर स्मैकचीयों पर संदेह बताया उससे पुलिस को परेशानी हुई थी। जिसके चलते पुलिस ने अपनी पूरी उर्जा स्मैकचियों पर खर्च कर दी। जिसके चलते पुलिस इनके पास नहीं पहुंच पा रही थी।



**इनकी रही सराहनीय**

इस मामले में सबसे सराहनीय भूमिका सुजीत सिंह भदौरिया एसडीओपी पोहरी, निरी नवीन यादव थाना प्रभारी बैराड़, उपनिरीक्षक हरीशंकर शर्मा थाना प्रभारी , उपनिरीक्षक धर्मेंद्र शिवहरे, बीएल दोहरे, तेजसिंह, गणेश रावत, हरिओम वर्मे, शिरोमणी, गोविंद भदोरिया, जगेश सिकरवार, सुमित सेंगर, अरूण जादौन, रणजीत रावत, जलज रावत, आर हुकुम, चेतन राठौर, दुर्गा, विवेकानंद, शिवम बरूआ, गौरव व धर्मसिंह का सराहनीय योगदान रहा।

---

### रामलला मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा पर अवकाश घोषित करने की मांग

**शिवपुरी।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सनातन के पदाधिकारी ने 22 जनवरी को रामलाल मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा पर मध्य प्रदेश में अवकाश घोषित करने की मांग की है। पंडित पुरुषोत्तम कांत शर्मा ने बताया कि 22 जनवरी को दोपहर 12 बजे से अयोध्या में मूर्ति प्रतिष्ठा का मुहूतज़् है इसका सीधा प्रसारण अयोध्या से किया जाएगा यूपी में योगी सरकार ने सभी कॉलेज स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया है। मध्य प्रदेश में अवकाश नहीं होता है तो छात्र छात्राओं एवं कमज़्चारी व अधिकारी स्कूल कॉलेज व कायाज़्लय में उपस्थित रहेंगे तों ऐसी स्थिति में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा नहीं देख सकेंगे इसलिए अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सनातन के पंडित अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सनातन के जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कांत शर्मा एवं एवं सुरेंद्र पाठक, राजेंद्र पांडे, सुरेश भार्गव, हरिबंस त्रिवेदी, चंद्र प्रकाश शर्मा, हरगोविंद शर्मा, महेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश समाधिया, एनपी अवस्थी, कैलाश नारायण भार्गव, कैलाश मुद्गल, देवेंद्र गौड़, लक्ष्मी नारायण भार्गव, बालकृष्ण शर्मा मामा, देवेंद्र मड़वास, डॉक्टर सुखदेव गौतम, डॉक्टर बी के शर्मा, बालकृष्ण मिश्रा एडवोकेट, राजीव शर्मा एडवोकेट, सुखदेव शर्मा ने मध्य प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री मोहन सिंह यादव जी से पूरे मध्य प्रदेश में अवकाश की मांग की है।

---

## फोटोग्राफर एसोसिएशन का विदाई और सम्मान समारोह संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

फोटोग्राफरों के हितों के लिए संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य को लेकर फोटोग्राफर एसोसिएशन द्वारा बीते रोज सर्व सम्मति से भूपेन्द्र नामदेव को अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। साथ ही निवर्तमान अध्यक्ष वरूण भार्गव की विदाई एवं सम्मान समारोह एक निजी होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होमगार्ड के प्लाटून कमाण्डर मनीष श्रीवास्तव एवं अध्यक्षता स्टेनो सूबेदार दिव्या श्रीवास्तव ने की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होमगार्ड के मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि यादगार पलों को संग्रहित करने का कार्य फोटोग्राफरों द्वारा किया जाता है। जिससे अपना फोटो देखकर पुरानी यादों को ताजा किया जाता है। सूवेदार दिव्या श्रीवास्तव ने भी फोटोग्राफरों को संबोधित करते हुए कहा कि आपका एक फोटो कई शब्दों को बयां कर देता हैं और आज के आधुनिक समय में बहुत उपयोगी है। इस अवसर पर फोटो ग्राफर एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा बीते रोज सर्व सम्मति से भूपेन्द्र नामदेव को अध्यक्ष चुना गया। वहीं पूर्व अध्यक्ष वरूण भार्गव को शॉल श्रीफल देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में मंचासीन अतिथियों को शॉल श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह देकर समिति द्वारा सम्मानित किया गया एवं इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों व फोटो ग्राफरों को उपहार वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन नवनियुक्त अध्यक्ष भूपेन्द्र नामदेव द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि शीघ्र की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी एवं शहर के सभी फोटोग्राफरों को एकजुट रख कर कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर पदाधिकारियों में ओम बंसल, सुनील भास्कर, राहुल भोला, मनीष जैन, अनिल श्रीधर, नितिन शर्मा, अंकित जैन, गिराज़्ज गुप्ता, विक्रम सोलखिया, मदन कुशवाह सहित शहर के फोटो ग्राफर साथी मौजूद रहे।

**नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोनीत हुए भूपेंद्र नामदेव**

---

## हृदय रोग निदान शिविर : 16 हृदय रोगियों का होगा






हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

### भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी का हदय रोग निदान शिविर सपन्न

भारतीय रेडक्रॉस क्रॉस सोसायटी एवं जिला स्वास्थ्य समिति के संयुक्त तारत्मय में आयोजित निःशुल्क हदय रोग निदान शिविर सपन्न हुआ। शिविर में जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षैत्रों से आए 62 रोगियों ने पंजीयन कराया जिसमें 16 हदय रोगी आपरेशन के लिए चिन्हाकित किए गए। इन रोगियों का निःशुल्क आपरेशन अनंत हाटज़् हॉस्पीटल भोपाल में किया जाएगा।

शिविर का शुभारंभ कलेक्टर एवं अध्यक्ष रेडक्रॉस सोसायटी रविन्द्र चैधरी, चेयरमेन दीवान सुरेन्द्र लाल, एसबीआई के रीजन मैनेजर मुकेश कुमार राठौर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सह उपाध्यक्ष डॉ पवन जैन, वाईस चेयरमेन आलोक एम इन्दौरिया, सचिव समीर गांधी द्वारा भगवान श्री गणेश की तस्वीर पर माल्यापज़्ण कर किया गया। शिविर में खनियाधांना, पिछोर, कोलारस, पोहरी, सतनवाडा, करैरा, बदरवास के सुदूर गांव से हदय रोगी बच्चे परीक्षण कराने के लिए पहुंचे वहीं शहरी क्षेत्र शिवपुरी से बच्चों के अलावा एक दजज़्न बडों हदय रोगियों ने भी उपस्थित होकर परीक्षण कराया। शिविर में आए रोगियों को मुख्यअतिथि की आसंदी से शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कलेक्टर रविन्द्र कुमार चैधरी ने हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। वहीं अध्यक्षी आसंदी से दीवान सुरेन्द्र लाल ने रेडक्रॉस के सेवा भावी कार्य में सभी सदस्यों के बढचड कर सहयोग की अपेक्षा करते हुए सेवाभावी कायोज़् के विस्तार की बात कही। शिविर में उपस्थित चिकित्सकों एवं रोगियों को संम्बोतिधत करते हुए बाईस चेयरमेन आलोक एम इन्दौरिया ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी जिले के नागरिकों के लिए यह 5वी बार हदय रोग निदान शिविर का आयोजन कर रही है। रेडक्रास और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से 300 से अधिक हदय रोगियों को उपचार की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। सेवा ही रेडक्रास का संकल्प है जिसे हम सब को निवाज़्हन करना है। शिविर में आए हदय रोगी और उनके परिजनों के लिए भोजन व परिहवन की निःशुल्क व्यवस्था की गई थी। शिविर में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के डॉ भगवत बंसल, रवि गोयल, लवलेश चीनू, राजेन्द्र राठौर, संतोष शिवहरे, गगन अरोरा, राजेन्द्र गुप्ता, राहुल गोयल, राहुल गंगवाल, हरवीर सिंह चैहान स्वास्थ्य विभाग से अखिलेश शर्मा, वालेन्दु रघुवंशी, राजकुमार शर्मा, डॉ मोनिका शाक्य, डॉ राजेन्द्र जाटव, डॉ अमलेश गौतम, डॉ कीतिज़् शेजवार, डॉ मनीष जैन, डॉ रमाकांत पटेल, डॉ मनोज पिप्पल, डॉ थानेदार सिंह, डॉ सुधा पटेल, डॉ संध्या जैन, डॉ प्रियंवदा शर्मा, डॉ नीलेश मेहते, डॉ यशस्वी मेहता, डॉ नीरज सुमन, डॉ ब्रजमोहन बजरेटिया, डॉ भीम कुमार गौतम, रमाकांत शर्मा उपस्थित थे।

---

## सीईओ ने सचिव को किया निलंबित

### 15.72 लाख निकालने के बावजूद निर्माण कार्य नहीं कराने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी



जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी ने पंचायत के विकास कायोज़् में लापरवाही बरतने व राशि आहरण करने के बावजूद काम नहीं करवाने के मामले में करैरा जनपद की सिरसौद पंचायत के सचिव को निलंबित किया है। वहीं, ग्राम पंचायत अमोलपठा के सचिव रविन्द्र सिंह राजपूत को सिरसौद पंचायत का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

मुख्य कायज़्पालन अधिकारी जनपद पंचायत करैरा द्वारा 3 जनवरी को पत्र लिखा गया कि ज्ञानी प्रसाद शर्मा सचिव सिरसौद पंचायत द्वारा मनरेगा योजनांतगज़्त निर्माण कायोज़् पर अग्रिम राशि का आहरण किया गया है। यह राशि 15 लाख 72 हजार रुपए है, जिसमें सामुदायिक नाडेप निर्माण पर चार लाख रुपए, पिछोर रोड से एनआरएलएम प्रशिक्षण तक सीसी रोड कार्य के 4 लाख 72 हजार, नाली निर्माण कार्य के सात लाख रुपए की राशि निकाल ली, लेकिन तीनों ही कार्य प्रारंभ नहीं किए गए। इसके अलावा 35 स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास भी अपूणज़् हैं। शर्मा द्वारा सेवा में रहते हुए एक हेक्टेयर भूमि का पट्टा आवंटित कराया गया था। इसकी शिकायत पूवज़् विधायक द्वारा विधानसभा प्रश्न के माध्यम से की गई थी। इस मामले में भी शर्मा को दोषी पाया गया है। सीईओ जनपद करैरा ने इन्हीं सब बिंदुओं को लेकर सचिव के निलंबन का प्रस्ताव प्रेषित किया था, जिस पर कारज़्वाई करते हुए जिला पंचायत सीईओ द्वारा सचिव को निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में सचिव का मुख्यालय जनपद पंचायत कायाज़्लय करैरा रखा गया है।

---

## डॉ. बीके शर्मा को राष्ट्र गौरव का सम्मान

### हरिद्वार में किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त डॉ. बीके शर्मा को हरिद्वार में राष्ट्र गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन में रहते हुए उल्लेखनीय कायोज़् के लिए दिया गया है। सम्मान के रूप में उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह दिए गए। इस कार्यक्रम के संयोजक संगठन के अध्यक्ष मोहित नवानी थे। कार्यक्रम राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के पांच सितारा होटल रेडिसन ब्लू में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में अनेक केंद्रीय एवं उत्तरप्रदेश सरकार के मंत्री मौजूद थे। डॉ1 बीके शर्मा को इस सम्मान के मिलने पर डॉ.एएल शर्मा, डॉ. एसके पुराणिक, डॉ. पीडी गुप्ता, डॉ. एचपी जैन, डॉ. डीके बंसल, डॉ. गोविंद सिंह, डॉ. आरके जैन, प्रो. प्रदीप भार्गव, प्रमोद भार्गव, डॉ. बृजेश मंगल, महेश भार्गव, सुनील सक्सेना आदि ने बधाइयां दी हैं।



---

#### नेहरू युवा केंद्र ने जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया, शामिल हुए अनेक प्रतिभागी

# ऐसे कार्यक्रम युवाओं की प्रतिभा को निखारने का अवसर देते हैं: मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

नेहरू युवा केन्द्र, शिवपुरी द्वारा शा.उ.मा.वि. क्रमांक 2 शिवपुरी में जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आज आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि प्राचार्य अर्चना शर्मा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरू युवा केन्द्र शिवपुरी के उपनिदेशक एनएन जयंत ने की थी। उपस्थित युवाओं द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में उपनिदेशक द्वारा जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता के बारे में बोलते हुये कहा कि कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दृष्टिकोण है। 2047 में अपनी स्वतंत्रता के 100वें वषज़् तक भारत एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा। इसी दृष्टिकोण इसमें आथिज़्क विकास, सामाजिक प्रगति सहित विकास के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है। पयाज़्वरणीय स्थिरता और सुशासन, भारत के युवा अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस दृष्टिकोण को साकार करने में, भारत सबसे बड़ा जनसांख्यिकीय समूह है और युवा भरे हुए हैं। क्षमता और ऊजाज़् से, सरकार ने इसे शामिल करने के लिए पहल शुरू की हैं। विकास प्रक्रिया में युवा जिसमें विकसित भारत/2047 के लिए युवाओं के विचार शामिल करना। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य सभी वगोज़् के युवाओं को एक मंच प्रदान कराना है। भारत को एक विकसित राष्ट्र कैसे बनाए जाए, इस पर अपने विचार साझा करें और इसके सपने को साकार करें। विकसित भारत/2047 प्रतियोगिताएं जिला स्तर पर की जा रही है। जिसमें शिवपुरी जिले के सभी विकासखण्डों से युवा प्रतिभागियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया साथ ही जिला स्तर पर विजेता प्रतिभागी चयन कर राज्य स्तर पर भाग लेने हेतु भेजा जावेगा जो राज्य स्तर पर विजेता होने पर प्रथम पुरूस्कार 01 लाख रू. द्वितीय 50,000, एवं तृतीय 25000 (दो प्रतिभागी प्रत्येक) को दिया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा यह कार्यक्रम सराहनीय है इस प्रकार के कायज़्क्रमों से युवाओं में छुपी हुई प्रतिभा के निखारने का अवसर प्राप्त होता है। अतः इस प्रकार के कायज़्क्रमों युवाओं को बढ़चढ़कर भाग लेना चाहिये। उक्त प्रतियोगिता के निणज़्याक महेश कुमार वमाज़्, श्रीमती इन्दु पाराशर एवं सौरभ सिंह चन्देल शा.उ.मा.वि क्र. 02 थी जिसमें निणाज़्यकों के द्वारा सभी प्रतिभागियों का परीक्षण कर निणज़्य दिया गया। जिसमें प्रथम विजेता अंशिता जैन, द्वितीय विजेता राधाकृष्णन एवं तृतीय विजेता प्रिंयाशु राठौर रहें जिन्हें अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। अंत में अभार व्यक्त एस.एन जयंत उपनिदेशक नेहरू युवा केन्द्र शिवपुरी द्वारा किया गया।

